संख्या-288/2025/219के-2/22-3-2024-17(493)/2024

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश मिश्र,
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 16 जुलाई, 2025

विषयः- केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू श्रीवास्तव पुत्र कुँवर बहादुर श्रीवास्तव, निवासी जनपद-सीतापुर, हाल जनपद-लखनऊ की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या-16636/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-01.05.2023) दिनांक-19.05.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू श्रीवास्तव पुत्र कुँवर बहादुर श्रीवास्तव, ग्राम-रायपुर, थाना-कमलापुर, जनपद-सीतापुर, हाल पता-झोपड़ी निकट कबीर मठ, थाना-डालीगंज, जनपद-लखनऊ का निवासी है। दिनांक-**03**-03-2007 को रात्रि लगभग 08:00 बजे बंदी ने वादी इसरार खान की 04 वर्षीय पुत्री को खुश करने हेतु टाफी देकर बलात्कार किया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-908/2007 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-376 के अन्तर्गत मा० न्यायालय, विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश, लखनऊ के आदेश दिनांक 06.10.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बंदी की अपील मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25-03-2015 द्वारा निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। दिनांक-16-03-2023 तक बन्दी की आयु लगभग 38 वर्ष 04 माह 08 दिन है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, बन्दी के पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने की आख्या अंकित करते हुये बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड द्वारा दिनांक 03.03.2007 को रात्रि लगभग 08.00 बजे बंदी द्वारा वादी इसरार जान की 04 वर्षीय पुत्री को खुश करने हेतु टाफी देकर उसके साथ बलात्कार कर जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट 1938 की

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी पप्पू श्रीवास्तव पुत्र कुँवर बहादुर श्रीवास्तव को फार्म-ए/ लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू श्रीवास्तव (बन्दी संख्या-292/2008) पुत्र कुँवर बहादुर श्रीवास्तव, निवासी- जनपद-सीतापुर, हाल जनपद-लखनऊ को फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार बंदी के फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

संख्या-288/2025/219के-2(1)/22-3-2024 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।

2- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 राज्य मंत्री जी को सूचनार्थ।

3- जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ/सीतापुर।

4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।

5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में दिनांक 10.09.2024 को पारित आदेशों के सन्दर्भ में।

6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

शासनादेश संख्या-288/2025/219के-2/22-3-2024-17(493)/2024

दिनांक 16 जुलाई, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू श्रीवास्तव पुत्र कुँवर बहादुर श्रीवास्तव, ग्राम-रायपुर, थाना-कमलापुर, जनपद-सीतापुर, हाल पता-झोपड़ी निकट कबीर मठ, थाना-डालीगंज, जनपद-लखनऊ का निवासी है। दिनांक-**03**-03-2007 को रात्रि लगभग 08:00 बजे बंदी ने वादी इसरार खान की 04 वर्षीय पुत्री को खुश करने हेतु टाफी देकर बलात्कार किया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-908/2007 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-376 के अन्तर्गत मा० न्यायालय, विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश, लखनऊ के आदेश दिनांक 06.10.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बंदी की अपील मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25-03-2015 द्वारा निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। दिनांक-16-03-2023 तक बन्दी की आयु लगभग 38 वर्ष 04 माह 08 दिन है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, बन्दी के पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने की आख्या अंकित करते हुये बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड द्वारा सिद्धदोष बंदी पप्पू श्रीवास्तव पुत्र कुवँर बहादुर श्रीवास्तव की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई पर विचार-विमर्श किया गया। बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि दिनांक 03.03.2007 को रात्रि लगभग 08.00 बजे बंदी द्वारा वादी इसरार जान की 04 वर्षीय पुत्री को खुश करने हेतु टाफी देकर उसके साथ बलात्कार कर जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी पप्पू श्रीवास्तव पुत्र कुँवर बहादुर श्रीवास्तव को फार्म-ए/ लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in